https://epaper.loksatya.com

वर्ष: 10 अंक: 64

देहरादून

भाद्रपद, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रमी संवत् 2081

बृहस्पतिवार, 19 सितंबर 2024

मूल्य: 3.00 कुल पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

लोकसत्य

दिल्ली ● लखनऊ ● मेरठ ● देहरादून ● चंडीगढ़ ● भोपाल से प्रकाशित

सत्य के संग, असत्य से जंग

08 बांग्लादेश में सेना को मिलीं न्यायिक शक्तियां

11 रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के कोच नियुक्त

फिटनेस के प्रति हमेशा अनुशासित रहती हैं दीपिका 12

पीएम श्री विद्यालय रायवाला में दो दिवसीय अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई चर्चा

रायवाला, लोकसत्य।

रायवाला मिलिट्री स्टेशन स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा को दो दिवसीय अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों व विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भाग लिया।

मिलिट्री स्टेशन रायवाला स्थित पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में दो दिवसीय पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों व विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने अभिभावक शिक्षक बैठक में भाग लिया। बैठक में पहुँचे सभी लोगों का विद्यालय की प्राचार्या रीता इंद्रजीत सिंह ने स्वागत किया। बैठक में प्राचार्या रीता इंद्रजीत सिंह ने अभिभावकों को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास से सम्बन्धित जानकारी साझा करते हुए बताया कि बच्चों को उत्तम पोषाहार देने पर जोर देना चाहिए और उनको घर पर अच्छे संस्कार देकर एक अच्छा शैक्षिक वातावरण बच्चों के लिए तैयार किया जाना चाहिए। बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इवेलुएशन एंड एसेसमेंट, अपार आईडी क्रिएशन एवं बच्चों के शैक्षिक विकास हेतु महत्वपूर्ण बताई गयी। बैठक में शिक्षक नवनीत सिंह ने अभिभावकों को शिक्षा मंत्रालय के द्वारा अपार आईडी से संबंधित जानकारी दी और उसके महत्व को बताया। विद्यालय के शिक्षक डीपी थपलियाल ने विद्यार्थियों के असेसमेंट एवं इवेलुएशन में हुए बदलाव के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्य संतोष कुमार कुशवाहा, सबा परवीन, खेल शिक्षक मनमोहन सिंह नेगी, अलका नेगी, विकास जोशी, आदेश कुमार, सृजन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।